# 1. लोमड़ी और कौवा



एक समय एक लड़का पनीर खा रहा था, कि एक कौवा उड़कर कहीं से आया और लड़के के हाथ से पनीर कर टुकड़ा झपट कर तेजी से एक वृक्ष के ऊपर जा बैठा, और मजे से पनीर खाने लगा। तभी एक लोमड़ी उधर से गुजरी उसने कौवे की चोंच में पनीर के टुकड़े को देखा और लालच से अपने होठों पर जीभ को फेरा। लोमड़ी ने कौवे से कहा - ''कौवे भाई तुम कितने प्यारे दिखते हो, तुम्हारे चमकीले पंख और नोकीली चोंच जब इतनी सुन्दर है, तो तुम्हारी आवाज कितनी मधुर होगी ?''

कौआ अपनी झूठी प्रशंसा सुन कर खुश हो गया, और जोर - जोर से काँव -काँव करने लगा। ऐसा करते ही उसकी चोंच मे दबा हुआ पनीर का टुकड़ा नीचे गिर गया, जिसे लोमड़ी उठा कर भाग गई। चालाक लोमड़ी ने जाते जाते कहा - ''प्यारे कौवे तुम्हारी आवाज तो बहुत अच्छी है पर बुद्धी नहीं है।''

**सीख :- झूठी प्रशंसा करने वालों से बचो।**

# प्यासा कबूतर

गर्मी का मौसम था । एक कबूतर था जो हमेशा खुश रहता था। गर्मी के दिनों में सभी झीलें और तालाब भीषण गर्मी के कारण सूख गए थे। कबूतर बहुत प्यासा था और पानी के लिए बेताब था लेकिन कहीं भी पानी नहीं मिल रहा था। उसने एक दीवार पर पानी के गिलास का चित्र देखा। चित्र देखकर वह दीवार के पास आया। कबूतर ने सोचा कि ये चित्र असली है और अपनी पूरी ताकत के साथ उस पर टूट पड़ा। वह दीवार से टकरा गया और उसके पंख टूट गए।और वह भूमि पर गिर पड़ा और वहीं असहाय पड़ा रहा। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने घायल कबूतर को पकड़ लिया।

**शिक्षा -: अति उत्साह आपके लिए हानिकारक साबित हो सकता है**



www.creativeworksheetshub.com

Name.......................... Date..........................

# शेर और चूहा

गर्मी का दिन था और एक शेर अपनी गुफा में झपकी ले रहा था। अचानक एक चूहा गलती से उसकी नाक पर चढ़ गया और शेर जैसे खतरनाक जानवर को जगा दिया। शेर को बहुत गुस्सा आया। शेर अपने पंजे के नीचे चूहे को कुचलने ही वाला था कि नन्हा चूहा अपनी जान की भीख मांगने लगा। शेर ने चूहे पर दया की और उसे जाने दिया।

कुछ दिनों बाद शेर जंगल में भटकते हुए शिकारियों के जाल में फंस गया और जाल में फंस गया। वह रस्सियों में इस कदर उलझा हुआ था कि हिल भी नहीं पा रहा था। शेर जमीन पर लेट गया और बेबस होकर दहाड़ने लगा। उसकी पुकार पूरे जंगल में गूँज उठी और चूहे के कानों तक पहुँच गई। वह दौड़कर मौके पर पहुंचा और जाल के धागों को टुकड़ों में काट लिया। इस प्रकार शेर की जान बच गई ।

**शिक्षा -: हर चीज की अपनी कीमत होती है**

